विवरण

सफाई कर्मचारियों व उनके आश्रितों की मुक्ति व पुनर्वास की राष्ट्रीय योजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 1991-92 और 1992-93 के दौरान आंबंटित निधियां

(करोड़ रुपये)

क्रम संख्या	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	वर्ष के दौरान निमुक्त राशि	
		1991-92	1992-93
1	आन्ध्र प्रदेश	2.00	2.55
2	असम	0.125	2.02
3	बिहार	3.50	3.13
4	गुजरात	2.50	1.86
5	हरियाणा	1.50	1.76
6	हिमाचल प्रदेश	0.60	2.53
7	जम्मू और कश्मीर	0.025	1.00
8	कर्नाटक	1.75	3.99
9	केरल	0.25	0.30
10	मध्य प्रदेश	4.00	13.36
11	महाराष्ट्र	3.70	6.50
12	मेघालय	0.025	-
13	उड़ीसा	3.50	0.58
14	पंजाब	3.50	0.58
15	राजस्थान	4.75	1.01
16	तमिलनाडु	5.00	0.80
17	उत्तर प्रदेश	2.00	14.94
18	पश्चिम बंगाल	2.00	3.63
19	दिल्ली	3.75	0.05
20	पांडिचेरी	0.025	0.05
	कुल :	50.50	60.73

अल्पसंख्यकों के विकास के बारे में समितियों के प्रतिवेदन

1800. श्री राम सिंह राठवा : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अल्पसंख्यकों के विकास संबंधी अनेक समितियों के प्रतिवेदनों को प्रस्तुत किए जाने के पश्चात् भी अब तक कार्यान्वित नहीं किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) और (ख) सरकार अल्पसंख्यकों के विकास के विभिन्न पहलुओं तथा उचित निर्णय लेने के लिए समय-समय पर स्थापित समितियों की रिपोर्टों पर विधिवत ध्यान देती रही है।

मध्य प्रदेश में स्वयंसेवी संगठन

1801. श्री जगन्नाथ सिंह : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में कुल कितने सामाजिक स्वयंसेवी संगठन पंजीकृत हैं और उनके नाम क्या हैं ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उक्त पंजीकृत संगठनों में किस-किस संगठन को कितनी-कितनी धनराशि किन-किन मदों के लिए किस शीर्ष से दी गई है, और

(ग) क्या उपरोक्त संगठनों का भौतिक और वित्तीय सत्यापन किया गया है, यदि हां, तो इस संबंध में वर्षवार ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) तथा (ख) पिछले तीन वर्षों में सहायतानुदान दिए गए मध्य प्रदेश के स्वयंसेवी संगठनों का उन्हें निर्मुक्त धनराशि सहित ब्यौरा विवरण में दिया गया है (नीचे देखिए)।

(ग) जी, हां। सहायतानुदान प्राप्त करने वाले स्वैच्छिक संगठनों को अपने द्वारा किये गये कार्यों, वास्तविक उपलब्धियों तथा अन्य ब्यौरों के संबंध में कल्याण मंत्रालय को आवधिक रिपोर्टें भेजनी होती हैं जिसमें उन्हें साथ ही अपनी आय बताने वाली वार्षिक लेखा परीक्षित रिपोर्टें मदवार व्यय, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट तुलन-पत्र इत्यादि देने होते हैं। सामान्यतः सहायतानुदान की दूसरी किस्त की निर्मुक्ति संगठनों की प्रगति रिपोर्टों तथा लेखा परीक्षित खातों के संतोषजनक मूल्यांकन प्राप्त होने के बाद ही की जाती है। इसके अतिरिक्त मंत्रालय की अंतरंग लेखा परीक्षा यूनिटें भी स्वैच्छिक संगठनों का निरीक्षण करती हैं।

विवरण

दिनांक 4.3.94 को उत्तर के लिए राज्य तथा अतारांकित प्रश्न संख्या 1801 के उत्तर के भाग (क) तथा (ख) में संबंधित विवरण

क्रम सं०	स्वयंसेवी संगठन का नाम	निर्मुक्त धनराशि (रुपये लाख में)		
		1990-91	1991-92	1992-93
अनुसूचित जाति विकास				
1	डॉ० बाबा साहेब अम्बेडकर राष्ट्रीय समाज विज्ञान संस्थान	5.75	–	–
2	गायत्री शक्ति शिक्षा, समिति, जबलपुर	1.50	1.56	3.21
3	सोनाली पब्लिक शिक्षा समिति, पुना	–	–	–
4	भारतीय महिला शिक्षा समिति, जबलपुर	–	–	–
अनुसूचित जनजाति विकास				
5	रामकृष्णा विवेकानन्द आश्रम, नारायणपुर	1.964	0.98	3.88
6	कस्तूरबा वनवासी	–	–	4.00
7	कृत्रिम अंग केन्द्र, इन्दौर	2.78	3.20	6.00
8	वेलफेयर एसोसिएशन फार दी डिसेबल, इन्दौर	0.75	2.00	2.05
9	मध्य प्रदेश एसोसिएशन फार दी ब्लाइंड, इन्दौर	1.25	2.08	2.00
विकलांग कल्याण				
10	इंडियन रैड-क्रास सोसायटी, ग्वालियर	–	5.00	–
11	एम० पी० वेलफेयर एसोसिएशन फार दी ब्लाइंड, इन्दौर	2.09	0.16	0.70
12	वेलफेयर एसोसिएशन फार दी डिसेबल	0.50	3.78	शून्य

विवरण—जारी

13. आशा निकेतन अरोडा कालोनी, भोपाल	1.50	1.25	0.49
14. मरियम स्कूल फार दि मेंटली हैण्डीकैप्ड, भोपाल	1.50	1.50	0.10
15. मरियम सोसायटी, भोपाल	—	2.03	0.55
16. आशा राम ट्रस्ट, बरवानी	—	—	2.36
17. छत्तीसगढ़, बाल एवं वृद्ध कल्याण परिषद, रायपुर, एम० पी०	—	—	2.59
18. कल्याण मिलन समिति, इन्दौर	—	—	—
19. प्रमोद धाम आनन्द धाम, चित्रकूट, पो० आ० जानकीकुंड, सतना	0.62	0.62	—
नशीली दवाओं के दुरूपयोग निवारण			
20. एम० पी० वेलफेयर एसोसिएशन फार दि ब्लाइंड, इन्दौर	—	0.50	—
21. एम० पी० स्टेट ब्रांच आफ दि नेशनल एसोसएशन फार दि ब्लाइंड बाबा आश्रम, 12 जाती कालोनी, लोखंडे मार्ग, इन्दौर	—	0.50	—
22. कस्तूरबा गांधी नेशनल मैमोरियल ट्रस्ट, कस्तूरबा ग्राम, इन्दौर	—	0.50	—
23. अखिल भारतीय रचनात्मक समाज, एम० पी०, भोपाल	2.25	1.85	2.50
24. गांधी भवन ट्रस्ट, श्यामला हिल्लस, भोपाल	10.22	6.92	3.81
25. इंडियन रैड क्रास सोसायटी डिस्ट्रिक, इन्दौर	6.82	5.45	6.30
26. एसोसिएशन फार सोशिल हैल्थ इन इंडिया, एम० पी० स्टेट, ब्रांच, ग्वालियर	1.24	0.87	0.87
27. बेरोजगार महिला सेवा समिति, जोन-3, खुरशीपुर, भिलाई, जिला दुर्ग	0.45	2.32	1.15

आवारा-बेसहारा बच्चों के कल्याण के लिए योजना

1802. श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) स्वयं सेवी संगठनों द्वारा चलाये जा रहे उन सुधारालयों तथा संस्थाओं की संख्या कितनी है जहां आवारा बेसहारा बच्चों को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है ;

(ख) क्या इस तरह के अभागे आवारा-बेसहारा बच्चों के कल्याण के लिए कोई योजना सरकार के विचाराधीन है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) से (ग) बेसहारा बच्चों के लिए किसी वर्ग के रूप में "रिमान्ड गृह" नहीं है। तथापि, बेसहारा बच्चों के कल्याण के लिए केन्द्रीय योजना के अंतर्गत, स्वैच्छिक संगठनों को बेसहारा बच्चों के प्रशिक्षण हेतु केन्द्र चलाने के लिए 90% अनुदान दिया जाता है। इस योजना के मुख्य घटक इस प्रकार है :—

1. बेसहारा बच्चों और उनके परिवारों की पहचान;